राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# जयपुर जिले की समीक्षा बैठक आयोजित

## जिले में शिक्षा, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की

## राज्यपाल ने कहा, राजस्थान देव धर्म, गौ सेवा से जुड़ी आध्यात्मिक संस्कृति का सभ्य प्रदेश

## योजनाओं का लोगों को जल्दी और समुचित लाभ मिले– राज्यपाल

जयपुर, 30 मई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने केंद्र और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं का लोगों को जल्दी और समुचित लाभ दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की पहचान कर पूर्ण पारदर्शिता से योजनाओं का लाभ आम जन को मिले। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जयपुर में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ रास्ता खोलने का अभियान, डेयरी और शिक्षा क्षेत्र में महती काम हुए हैं। ये अनुकरणीय हैं। उन्होंने खेती में रसायनों के उपयोग से कैंसर जैसे होने वाले भयावह रोगों के प्रति काश्तकारों को जागरूक करते हुए प्राकृतिक खेती पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता और बढ़ाई जाए। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा सीखने की नींव हैं। इसमें सिखाने की व्यावहारिक पद्धतियों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि लॉर्ड मैकाले द्वारा पारंपरिक भारतीय शिक्षा को बदल कर ऐसी शिक्षा व्यवस्था देश में लागू की गई जिससे हमारे नैतिक मूल्य और प्रामाणिकता पर प्रहार हुआ। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर से ही अब ऐसे प्रयास हों कि बच्चे प्राचीन ज्ञान की हमारी समृद्ध परंपरा से जुड़ सकें।

राज्यपाल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिले की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने काश्तकार, गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं का आंकड़ों में ही नहीं व्यावहारिक रूप में क्रियान्वयन किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने दुग्ध संग्रहण के अंतर्गत पशुपालकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु और प्रयास किए जाने की आवश्यकता जताई।

### कबड्डी खेल मैदान, रास्ता खोलो अभियान को सराहा

राज्यपाल ने पंच गौरव के अंतर्गत जयपुर जिले में कबड्डी के खेल मैदान विकसित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणादायक हैं। दूसरे जिलों में भी स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने किए ऐसे कार्य होने चाहिए। उन्होंने रास्ता खोलो अभियान के तहत ग्रेवल सड़कों के निर्माण और वहां गांव की प्रतिभाशाली बेटियों के नाम से पिलर बनाने को महत्वपूर्ण बताया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता आदि के लिए किए कार्यों की समीक्षा

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2023– 2024 तक जिले में 12789 आवासों की निर्माण किया गया है। राज्यपाल ने निर्मित आवासों की समीक्षा करते हुए इनमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को इस योजना से अधिकाधिक लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, बायोगैस प्लांट निर्माण और गांवों में स्वच्छता के लिए हो रहे कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए योजनागत कार्य किए जाने के साथ आम जन को स्व प्रेरणा से स्वच्छता की आदत डालने हेतु जागरूक भी किया जाए।

राज्यपाल ने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जीवन स्तर में सुधार के लिए व्यक्तिगत प्रयासों के बारे में विशेष रूप से जानकारी ली। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को मिलने वाले वैयक्तिक लाभ की गणना किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने के साथ उनके उत्पाद आम जन द्वारा उपयोग करने की मानसिकता का विकास करने की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने महिला समूह द्वारा अकाउंटिंग रखने और लाभ गणना के आधार पर उन्हें प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

**जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल सुनिश्चित हो**

राज्यपाल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रयास करें कि पेयजल से कोई भी घर वंचित नहीं रहे। उन्होंने अटल भूजल योजना के अंतर्गत भू जल संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए लोगों को जागरूक कर सूर्य से बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

**एक माह 'नो एक्सीडेंट' रूप में मनाया जाए**

राज्यपाल ने जिले में एक माह नो एक्सीडेंट के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने और वाहन चलाते नींद आने की स्थितियों को रोके जाने पर भी विशेष रूप से कार्य किए जाने की हिदायत दी। जिला कलक्टर श्री जितेंद्र कुमार सोनी ने इस सुझाव को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले की सौ सड़कों को चिन्हित कर इस दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर में आकस्मिक दुर्घटनाओं वाले 88 स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है।

**सोयल कार्ड के जरिए मिट्टी के स्वास्थ्य पर दें ध्यान**

उन्होंने कहा कि जैसे आदमी बीमार होता है, वैसे ही मिट्टी भी अस्वस्थ होती है। इस दिशा में सोयल हेल्थ कार्ड के लिए लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बस्सी में ग्रीन हाउस निर्माण को महत्वपूर्ण बताया। जिला कलेक्टर ने बताया कि राजस्थान के 40 प्रतिशत ग्रीन हाउस अकेले जयपुर में हैं। राज्यपाल ने इसकी सराहना की।

**पशुपालकों को मिले अधिकाधिक लाभ, नंदीशालाएं भी खुले**

राज्यपाल श्री बागडे ने बैठक में जिले में दुग्ध संग्रहण के साथ पशुपालकों को इनसे मिलने वाले लाभ के बारे में विशेष रूप से जानकारी ली। उन्होंने सरस उत्पादों की जानकारी ली और इस बात पर प्रसन्नता जताई कि जयपुर डेयरी का प्रतिवर्ष 200 करोड़ से अधिक का राजस्व लाभ होता है। राज्यपाल ने गांवों में दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाए जाने और दूध देने वाले पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने गौशालाओं के साथ जिले में नंदिशाला भी खोले जाने पर जोर दिया।

**नई शिक्षा नीति प्रभावी रूप में लागू हो, भीख मांगने वाले बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान दें**

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बैठक में नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि मातृ भाषा में शिक्षा, छात्रावास में व्यायाम शाला, खेलकूद सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सांसद, विधायक निधि से सुविधाओं का विस्तार किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने भीख मांगने वाले बच्चों की पढ़ाई के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया। प्रतिभावान कमजोर आय वर्ग के बच्चों को कोचिंग, स्कॉलरशिप आदि से लाभान्वित कर उन्हें आगे बढ़ाए जाने का भी उन्होंने आह्वान किया।

श्री बागडे ने पीएम स्वनिधि के तहत रेडी वालों, कमजोर आय वर्ग के लोगों को स्व उद्योग के लिए प्रोत्साहित करने, कौशल विकास के तहत युवाओं को अधिकाधिक प्रशिक्षित कर उनकी विकास में सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी इस दौरान उपस्थित रहे। आरंभ में जिला कलेक्टर श्री जितेंद्र कुमार सोनी ने विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से बताया।

---




बागडे
राजस्थान









